एक नजर में

## अहंकार सब कुछ कर देता है समाप्त



इंदौर. भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर महावीर कथा की मंत्रमुग्ध, भावपूर्ण, कथा को भगवान महावीर से जोड़ते हुए महासाध्वी मुक्ता महाराज सा. ने महावीर भवन मे महावीर कथा का शुभारंभ किया. महावीर के प्रति कूट कूट कर भरी हुई आस्था विश्वास और श्रद्धा का अद्भुत और दिव्य नजारा देखने को मिला. महावीर कथा को प्रारंभ करने के पहले महासती ने फरमाया की पत्नी वो है जो संसार से जोड़े, धर्मपत्नी वो है जो धर्म से जोड़े और जो सबको साथ लेकर चलते है, और काम करते है तो उसे अहंकार नहीं आता है. भगवान् महावीर के जन्म से लेकर निर्वाण तक की जीवन यात्रा को कथा के रूप मे अत्यंत ही भाव भक्ति और अहोभाव से प्रस्तुत करते हुए कहा जिस व्यक्ति को अहंकार आ जाये तो उसका सबकुछ समाप्त हो जाता है. पद के मद में, धन के मद में, परिवार के मद में जिसको भी अहंकार नही आता एवं अहंकार विहीन व्यक्ति ही भगवान महावीर का कृपा पात्र रहता है जिस पर महावीर की कृपा हो वो ही सर्वश्रेष्ठ और सर्वमान्य होता है. महावीर कथा आने वाले 10 दिनो तक निरंतर महावीर भवन में प्रात: 9 बजे से 10 बजे तक चलने वाली है. आज की धर्मसभा में रमेश भंडारी, राजकुमार पंजाबी, हंसकुमार जैन, अभय झेलावत, पदम तांतेड़, महेन्द डागरिया, समरथ मल कोठारी, मनोज मारु, आदि बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाए उपस्थित थे सभी का आभार राजकुमार जैन पंजाबी ने माना एव संचालन सुभाष विनायका ने किया.

## युवा सम्मेलन में सतत विकास, नवाचार पर मंथन



इंदौर. युवा शक्ति, नवाचार और सतत विकास के विचारों को एक साथ मंच पर साकार करते हुए जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा सम्मेलन शुरू हुआ. जिसका विषय है - रिवोल्यूशनाइजिंग इनोवेशन फॉर ए सस्टेनेबल इकोनॉमी. यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि सम्मेलन में देश विदेश से आए शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने विचार मंथन किया. कॉन्फ्रेंस चेयरमैन एवं डीन रिसर्च डॉ. अमय कुमार मोहपात्र ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि युवाओं को वर्तमान समय के परिवर्तनकारी नेतृत्व को लेकर चलना होगा, साथ ही सतत विकास के साथ जिम्मेदार नवाचार को जोड़ने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया है. मुख्य अतिथि डॉ. आनंद एस ने अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए सतत आर्थिक विकास के लिए वैश्विक सहयोग की महत्ता बताई. तकनीकी सत्रों में डॉ. आर. के. चंदानी, डॉ. शुभम सिंघानिया, डॉ. वरदा सरदाना, मनोहर कापसे एवं डॉ. एम संजीव ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया. पद्मश्री सम्मानित लोकगायक कालुराम बामनिया और उनकी टीम ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी. उद्घाटन सत्र में डॉ. नंदीश वी हीरेमथ एवं डॉ. आशुतोष मंडापे ने अपने विचार साझा किए. वरिष्ठ शोधकर्ता डॉ. सुनील कुमार ने शिक्षा अनुसंधान और पर्यावरण संतुलन के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया.

## शक्ति पूजा से होता है पापों का अंत



इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में चैत्र नवरात्रि उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. मन्दिर में स्थापित महादुर्गा, मां कालिका और महा सरस्वती माता का रोजाना सुंदर मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है. विशेष पूजा, अर्चना और जप-यज्ञ के कार्यक्रम हो रहे है. दिन भर दर्शन करने वाले भक्तों की भीड़ बनी रहती है. महंत मंगल दास महाराज ने कहा कि नवरात्रि में शक्ति की पूजा करने से भक्तों को कई गुना अधिक फल मिलता है। मनुष्यों के पापों का अंत होता है. प्रवीण जोशी ने बताया कि भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते मन्दिर देर तक खुला रहता है.

## सफाई मित्रों को भेंट किए फल एवं उपहार



इंदौर. बाणगंगा क्षेत्र के मुखर्जी नगर से केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में निकली साईं पालकी यात्रा और प्रभात फेरी का शनिवार को क्षेत्र में घर-घर रंगोली, दीपक एवं पुष्प सज्जा कर आत्मीय स्वागत किया गया. शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े भक्तों ने मुखर्जी नगर में सफाई मित्रों को आमंत्रित कर उन्हें फल एवं उपहार भी भेंट किए. क्षेत्र के पार्षद राधू जायसवाल के निवास पर बाबा की पालकी के पूजन में पार्षद विजय परमार, पूर्व पार्षद भूपेंद्र चौहान सहित सैकड़ों साईं भक्तों ने नाचते गाते हुए अपनी भागीदारी दर्ज कराई. साईं भक्तों ने आज भी जगह-जगह मूक परिंदों को ग्रीष्म काल में दाना-पानी देने के लिए सकोरे भेंट किए. इस दौरान समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गुंजायमान बना रहा.

# राजवाड़ा में ई-रिक्शा का कब्जा, प्रतिबंध बेअसर

**पुलिस की ढील से बढ़ी मनमानी**

**ट्रैफिक सुधार की कोशिशें फेल**



**इंदौर. राजवाड़ा क्षेत्र में ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए ई-रिक्शा पर लगाया गया प्रतिबंध अब पूरी तरह बेअसर नजर आ रहा है. ई-रिक्शा चालकों ने फिर से सड़कों पर कब्जा जमा लिया है.**

राजवाड़ा चौक पर ई-रिक्शा चालक खुलेआम वाहन खड़े कर सवारियां चढ़ा-उतार रहे हैं. इससे दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### राजबाड़ा चौक पर अवैध स्टैंड

राजबाड़ा चौक स्थित पुलिस चौकी के पास ई-रिक्शा चालकों ने अवैध रूप से स्टैंड बना लिया है. यहां हर समय 10 से 15 ई-रिक्शा खड़े रहते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और यातायात बाधित होता है.

### कार्रवाई नहीं, सिर्फ औपचारिकता

ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई केवल ई-रिक्शा को थोड़ा आगे-पीछे करने तक सीमित है. सख्त कदम नहीं उठाए जाने से चालकों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों की अनदेखी कर रहे हैं.

### सिटी बस स्टैंड और आसपास भी अव्यवस्था

सिटी बस स्टैंड के आसपास भी ई-रिक्शा का जमावड़ा ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ रहा है. चालक कहीं भी वाहन रोककर सवारी बैठाने-उतारने लगते हैं, जिससे पूरे इलाके की व्यवस्था चरमरा गई है.

### स्थिति नहीं सुधरी तो बढ़ेंगी दिक्कतें

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में ट्रैफिक समस्या फिर सामने आ सकती है.

# सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में समर्पित कर रहे जन कल्याण के लिए विशेष आहुतियां



इंदौर. श्रीविद्याधाम पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव में चल रहे सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ललिता सहस्त्रार्चन से 21 विद्वानों द्वारा विश्व शांति एवं जन कल्याण की कामना से विशेष आहुतियां समर्पित की जा रही हैं. महायज्ञ में अब तक एक लाख से अधिक आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं. शनिवार को 21 यजमान युगलों ने मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की। शतचंडी महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक चल रहा है. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि महायज्ञ की पूर्णाहुति राम नवमी 27 मार्च को प्रात: 9 बजे से श्रीराम यज्ञ के शुभारंभ के साथ होगी। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जबकि सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति अपरान्ह 3 बजे होगी. इसके पूर्व महाष्टमी पर 26 मार्च को महायज्ञ में दुर्गा सप्तशती पाठ द्वारा आहुतियां समर्पित की जाएंगी तथा सौभाग्यवती एवं कन्यापूजन के अनुष्ठान भी होंगे. आश्रम पर चल रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव में प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है.

# गर्ल फ्रेंड से बात करने पर विवाद में मारपीट

▸ **कार चढ़ाकर किया जानलेवा हमला**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में महिला मित्र से बातचीत को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. युवकों के एक समूह ने छात्र और उसके साथियों के साथ पहले तो मारपीट की, फिर तेज रफ्तार कार से टक्कर मारकर दो युवकों को घायल कर दिया.**

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना देर रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच होल्कर कॉलेज के मेन गेट के सामने सर्विस रोड पर हुई. खंडवा नाका स्थित गणेश नगर में रहने वाले 19 वर्षीय फरियादी प्रियम द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वरुण त्यागी अपने साथियों के साथ आया और महिला मित्र से बातचीत को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा. कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ बिना नंबर की स्कॉर्पियो और स्कूटी से वापस आया और प्रियम सहित उसके दोस्तों कृष्णपाल, राज पटेल, आकाश बघेल और आनंद विश्वकर्मा के साथ लात-घूंसे से मारपीट की. इसी दौरान एक आरोपी ने लापरवाही से कार चलाते हुए कृष्णपाल पटेल को टक्कर मार दी, जिससे वह और ओम गुप्ता घायल हो गए. पुलिस ने मुख्य आरोपी वरुण त्यागी सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार से बायपास पर लगता है महाजाम


## इंदौर-देवास मार्ग पर रोजाना रेंगते निकलते हैं वाहन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. झालरिया बायपास पर निर्माणाधीन ब्रिज की धीमी गति एक बार फिर भारी परेशानी का कारण बन गई. शनिवार शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच ब्रिज बंद रहने के चलते कनाड़िया से अरंडिया तक बायपास पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ.**

हालात ऐसे रहे कि इंदौर से देवास और भोपाल की ओर जाने वाले वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे और रेंग-रेंगकर आगे बढ़ते नजर आए. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बायपास पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, जिससे आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ी. मामले में किसान नेता हंसराज मंडलोई ने आरोप लगाया कि झालरिया के साथ-साथ अर्जुन बड़ौदा ब्रिज का निर्माण कार्य भी धीमी गति से चल रहा है, जिससे रोजाना हजारों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इसी तरह के जाम के कारण हादसे हुए थे, जिनमें लोगों की जान गई, लेकिन अब तक पीड़ित परिवारों को मुआवजा नहीं मिला. मंडलोई ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि बार-बार लगने वाले जाम से राहत मिल सके, साथ ही पूर्व में हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए.



# इंदौर में अकीदत, मसर्रत और भाईचारे के साथ मनाई ईद

▸ ईदगाह में दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

▸ एहतराम के साथ अदा की गई ईद की नमाज

▸ शहरकाजी बोले- नशा बेचकर नस्ले तबाह करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करें





नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर में शनिवार को मीठी ईद का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया. ईद-उल-फितर के मौके पर अकीदतमंदों ने तय समय पर ईदगाह में नमाज अदा की और मुल्क में अमन और सलामती के लिए दुआ मांगी. पाक रमजान माह पूरा होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी.

सदर बाजार ईदगाह मैदान पर मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की. शहर काजी डॉ. इशरत अली ने नमाज के बाद खुतबा पढ़ा और देश में अमन, चैन, शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी. उन्होंने अपने संबोधन में समाज को एकता और प्रेम का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि परिवारों को नशे से दूर रहना चाहिए, क्योंकि इससे परिवार बिगड़ता है. नशा समाज की नस्लों को प्रभावित कर रहा है, जो लोग नशा बेचकर नस्लों को खत्म कर रहे हैं, उनका बहिष्कार होना चाहिए. नशे के कारण परिवारों में विवाद होते हैं, तलाक के हालात बनते हैं और इसका सीधा असर बच्चों पर पड़ता है. उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन से बच्चों को दूर रखें, उससे नकारात्मक विचार आते हैं. नशा हमारे लिए सबसे बड़ा दुश्मन है. उन्होंने कहा कि भारत कौमी एकता वाला मुल्क है. इंदौर सफाई में हाल ही के वर्षों में नंबर वन है, लेकिन इंदौर में 50 साल से कौमी एकता कायम है. यहां एक हिंदू परिवार शहर काजी को सम्मान के साथ नमाज के लिए लाता है. उन्होंने कहा कि सियासत हमें सियासी चश्मा लगाने की कोशिश करती है, लेकिन हमें उस चश्मे को नहीं पहनना है. हमें भाईचारा कायम रखना है.

### हिंदू की बग्घी पर बैठकर ईदगाह पहुंचे शहर काजी

शहर में ईद-उल-फितर पर सांप्रदायिक सद्भाव का अनूठा नजारा देखने को मिला. करीब पांच दशक पुरानी परंपरा के तहत एक हिंदू परिवार शहर काजी को घोड़े की बग्घी पर बैठाकर ढोल-ढमाकों के साथ जुलूस की शक्ल में मुख्य ईदगाह ले गया. शहर सलवाड़िया परिवार शहर काजी डॉ. इशरत अली को उनके राजमोहल्ला स्थित घर से घोड़े की बग्घी पर बैठाकर पूरे सम्मान से सदर बाजार के मुख्य ईदगाह ले गया और सामूहिक नमाज के बाद उन्हें वापस उनके घर छोड़ा. शहर काजी बग्घी पर सवार थे और जुलूस का रास्ते भर लोगों ने स्वागत किया. ईदगाह पर नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी.



# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में अब तक चार हजार आहुतियाँ समर्पित

इंदौर. दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव में दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। यहां चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में 16 हजार 108 आहुतियों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 4 हजार आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं. विद्वान आचार्य यहां प्रतिदिन सुबह समवेत स्वर में स्वाहाकार और मंत्रों एवं श्लोकों की मंगल ध्वनि का उच्चारण करते हैं तो समूचा दशहरा मैदान परिसर गुंजायमान हो उठता है.

'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि वृन्दावन की यमुना नदी से लाए गए पवित्र जल एवं पावन माटी के दर्शन भी यहां आने वाले भक्तों को आल्हादित बना रहे हैं. अनेक श्रद्धालु पवित्र जल एवं माटी के दर्शन मात्र से स्वयं को अभिभूत मान रहे हैं. प्रतिदिन शाम को जब राम गीत धुन बजती है तो मैदान का माहौल भक्ति भाव से भरपूर बन जाता है.". रात्रि में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला भी भक्तों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केन्द्र बन गया है. सबके राम महोत्सव में श्रद्धालुओं का सैलाब निरंतर बढ़ता जा रहा है। यहां प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है. बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने यहां आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यह शिविर 26 मार्च तक चलेगा.

# वर्ल्ड हेल्थ कांग्रेस में किया नैतिक और प्रभावी एआई पर मंथन




इंदौर. स्पार्क्स इंडिया (श्री प्रकाश आशा रिसर्च नॉलेज एजुकेशन सोसायटी) द्वारा डब्ल्यूएचओ-इंडिया के नॉलेज पार्टनर के रूप में प्रथम वर्ल्ड हेल्थ कांग्रेस 2026 का आयोजन किया गया. दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य और स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक उपयोग पर गहन चर्चा की.

आनंद मोहन माथुर ऑडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य विषय रिडिफाइनिंग ग्लोबल हेल्थ थ्रू एथिकल एंड इम्पेक्टफुल एआई एक्जीक्यूशन रहा. यह आयोजन स्वास्थ्य नवाचार, अंतर विषयक शोध और सतत स्वास्थ्य समाधान पर वैश्विक संवाद का महत्वपूर्ण मंच बना. सम्मेलन में भारत, फिलीपींस, ऑस्ट्रेलिया, मिस्त्र, अमेरिका, कनाडा, दुबई, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया सहित कई देशों के विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने भाग लिया. अध्यक्षीय उद्बोधन में स्पार्क्स इंडिया के अध्यक्ष डॉ. नीतेश के. जैन ने आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार, वैश्विक सहयोग और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर दिया. इस अवसर पर शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे. विशेष अतिथियों में डॉ. दीपेंद्र सिंह, चेयरमैन, एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया; डॉ. मिलिंद जे. उमेकार, प्रेसिडेंट, एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया, डॉ. अनिल खारिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, मॉडर्न लेबोरेटरीज; डॉ. डीके तनेजा, पूर्व डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डॉ. शोवन मजूमदार, आउटस्टैंडिंग साइंटिस्ट एवं डायरेक्टर, मैटेरियल साइंस एंड एडवांस्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप तथा डीन (अकादमिक), होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट एवं भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर इंदौर, डॉ. एसएस नायर, संस्थापक, शांति अवेदना ट्रस्ट, महानंद ठाकुर तथा डॉ. शैलेश जैन, सेंट्रल काउंसिल मेंबर, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं वाइस प्रेसिडेंट, एमसीडब्ल्यू हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर शामिल थे.

### उत्कृष्ट योगदान के लिए इन्हें किया सम्मानित...

कांग्रेस के दौरान शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित होने वालों में प्रो. एससी चतुर्वेदी, डायरेक्टर, अरविंदो इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी इंदौर, डॉ. आरएस गौर, पूर्व सलाहकार अभा तकनीकी शिक्षा परिषद एवं पूर्व प्राध्यापक एसवीकेएम एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी मुंबई, डॉ. पीयूष त्रिवेदी सलाहकार शिवाजीराव कदम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इंदौर, डॉ. डीके जैन, डायरेक्टर आईपीएस अकादमी कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौर, डॉ. संजय जैन, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी इंदौर तथा डॉ. पीके दुबे प्राचार्य स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौर शामिल रहे. प्रतिष्ठित प्रकाश जैन मेमोरियल अवॉर्ड 2026 डॉ. शोवन मजूमदार (आरआरकैट, इंदौर) को वैज्ञानिक शोध और तकनीकी नवाचार में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया.

एक नजर में ▸ इंदौर में मिले कैंसर के रुझान : बायोप्सी के आंकड़ों से मिली अहम जानकारियां

# इंदौर में बढ़ रहे ब्रेस्ट कैंसर के मामले, हेड एंड नेक दूसरे नंबर पर



इंदौर. इंदौर जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में जीवन शैली, पर्यावरण और स्वास्थ्य से जुड़े बदलाव अब कैंसर के पैटर्न को भी स्पष्ट रूप से प्रभावित कर रहे हैं। भारत में कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है और आज भी टिशू बायोप्सी, कैंसर की सटीक पहचान का सबसे भरोसेमंद तरीका मानी जाती है. बायोप्सी से प्राप्त आंकड़े कैंसर के पैटर्न को समझने में अहम भूमिका निभाते हैं. इंदौर स्थित कोकिलाबेन में की गई बायोप्सी सैंपल्स की जांच में कई खास जानकारियां प्राप्त हुई.

इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की डॉ. शिल्पी दोसी, कन्सल्टेन्ट, हिस्टोपैथोलॉजी द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में कुल 1445 बायोप्सी सैंपल्स की जांच की गई. इनमें से 515 मामले (35.6%) कैंसर यानी मैलिग्नेंट पाए गए. इनमें मुख्य रूप से स्तन कैंसर के मामले सबसे अधिक पाए गए. यह आंकड़ा न सिर्फ कैंसर की मौजूदगी को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि किन अंगों में जोखिम अधिक देखा जा रहा है.

**फ्रोजन सेक्शन एनालिसिस कैंसर के सटीक इलाज में महत्वपूर्ण** : कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में फ्रोजन सेक्शन एनालिसिस एक भरोसेमंद तकनीक के रूप में सामने आया है. हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक क्रायोस्टैट मशीनों से अब तक 610 फ्रोजन सेक्शन किए जा चुके हैं. इनमें 465 केस हेड-एंड-नेक कैंसर, 73 ब्रेस्ट कंजरविंग सर्जरी, 57 न्यूरो/ब्रेन सर्जरी तथा बाकी के गायनेकोलॉजी व आंतों की सर्जरी से जुड़े रहे. यह तकनीक ऑपरेशन के दौरान ही कैंसर की पुष्टि, मार्जिन चेक और फैलाव का आकलन करती है. 95.5% सटीकता के साथ फ्रोजन सेक्शन कैंसर की पुनरावृत्ति और दोबारा सर्जरी की जरूरत को कम कर रहा है, जिससे इंदौर के मरीजों को सटीक इलाज स्थानीय स्तर पर मिल रहा है.

**बायोप्सी को लेकर जागरुकता आवश्यक:** अधिकतर लोग डर की वजह बायोप्सी जैसी प्रक्रिया से बचना चाहते हैं लेकिन बायोप्सी से सटीक निदान होने से जल्द इलाज करवाना आसान हो जाता है ताकि किसी बड़ी गंभीर परेशानी के घटित होने से बचा जा सकता है.

**समय पर जांच जरूरी-** कोकिलाबेन हॉस्पिटल के बायोप्सी आंकड़े यह संदेश देते हैं कि लाइफस्टाइल सबसे बड़ी वजह है जिसके कारण कैंसर की समस्या देखी जा रही है। जिसके लिए जांच करवाना बेहद जरुरी हो गया है. खासतौर से ब्रेस्ट कैंसर के लिए महिलाओं को समय पर जांच करानी चाहिए. कैंसर के आंकड़ो को देखते हुए लोगों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच को गंभीरता से लें.

### इन अंगों में अधिक कैंसर पाया गया

बायोप्सी रिपोर्ट्स के अनुसार इन अंगों में अधिक कैंसर पाया गया
- स्तन : 126 में से 95 केस (75%)
- हेड एंड नेक : 346 में से 198 केस (57%)
- फेफड़े : 286 में से 84 केस (30%)
- प्रोस्टेट : 207 में से 52 केस (25%)

यह डेटा साफ बताता है कि इंदौर में कैंसर के कुल मामलों में स्तन कैंसर का पॉजिटिविटी रेट 75% पाया गया जो कि महिलाओं में सबसे आम कैंसर बन चुका है। वहीं हेड एंड नेक कैंसर का पॉजिटीविटी रेट 57% पाया गया तथा लंग कैंसर का पॉजिटीविटी रेट 30% पाया गया। ये दोनों ही प्रकार के कैंसर पुरुषों में सबसे अधिक पाए गए.